# केंद्रीय बजट में तमाम वर्गों का पर ध्यान दिया गया : डॉ.पूनियां

जयपुर। केन्द्रीय बजट 2023-2024 को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने विधानसभा गेट के पास पर स्थित मीडिया पोडियम पर प्रेस वार्ता को संबोधित किया। सतीश पूनियां ने कहा कि, देश और दुनिया में जब

- 'केन्द्र की मोदी सरकार ने बजट में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के लिये बड़े प्रावधान किये'
- 'राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत 47 लाख युवाओं को दक्ष किया जायेगा'

अर्थव्यवस्था की चर्चा होती है, दुनिया के तमाम देश जिनकी अलग-अलग श्रेणियां हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुशासन में भारत दुनिया का प्रोग्रेस प्वाइंट बना। आज भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, 563 लाख करोड़ के विदेश मुद्रा बाजार के कारण इस समय विदेशी मुद्रा के मामले में चौथा नंबर का देश भारत बना है। देश में बुनियादी विकास के लिये बहुत सारी कहीं जाती थी, लेकिन यहां सामान्य इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर जो बाकी बुनियादी सुविधाएं थीं, उस पर ध्यान कम होता था, राजनीति स्लोगन से चलती थी या इमोशन से, लेकिन 2014 से 2023 के इस कालखंड में हमने देखा कि किस तरीके से अर्थव्यवस्था आम आदमी की पहुंच में आयी है।

उन्होंने कहा कि 1.25 लाख करोड़ का बजट जो किसानों के कल्याण के लिये समर्पित हुआ, इसी तरीके से 2.50 लाख करोड़ का बजट जो देश की लाइफलाइन रेलवे, उसके लिये प्रावधान करना, यह अपने आपमें मायने रखता है। देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की योजना यथावत रहेगी। मोदी सरकार के बजट में जनजाति के लिए 15 हजार करोड़ का प्रावधान है, जनजाति के स्पेसिफिक ऐसे सेगमेंट हैं जिनमें पोषण का, स्वास्थ्य का, शिक्षा का, बुनियादी विकास की इन सब चीजों की आवश्यकता है। एकलव्य स्कूल, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसमें देश के जनजाति के बच्चों को पढ़ने और आवास की सुविधा मिलती है, जिसमें 38 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती के रोजगार का सृजन होगा। एक जो बड़ी बात है वह है एमएसएमई, सब जानते हैं कि कोरोना के कालखण्ड में सबसे ज्यादा कोई प्रभावित हुआ था वह एमएसएमई हुआ था, एमएसएमई को सहूलियत देने के लिये 9 लाख करोड़ की क्रेडिट गारंटी और 2 लाख करोड़ की एक्सट्रा कोलेट्रल फ्री क्रेडिट, यह भारत की मोदी सरकार ने प्रावधान किया है। एक और बड़ी बात है कि, राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत 47 लाख युवाओं को दक्ष किया जायेगा, रोजागार की दिशा में उनको प्रेरित किया जायेगा। हरित हाइड्रोजन को लेकर 35 हजार करोड़ रुपये प्रावधान हुआ है, देश में 50 लाख टन उसका उत्पादन हो, बजट में इस बात का प्रावधान है। मोटे तौर पर ऐसी योजनाएं हैं, जिससे आम व्यक्ति का जीवन बदला, मध्यम वर्ग का बदला और कुछ ऐसी चीजें जिससे देश में सुरक्षा हो, स्वास्थ्य हो, चाहे शिक्षा हो, उन मानकों पर देश विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा हो, ऐसा इस बजट का भाव दिखता है। सभी तबकों का ध्यान रखा, खासतौर पर देश आत्मनिर्भर कैसे बने, जिसमें दलितों, वंचितों, महिलाओं, आम व्यक्ति को इस कल्याणकारी बजट में विशेष तवज्जो दी गई है।



विधानसभा गेट के पास भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने प्रेस को संबोधित किया।

# 'जन आक्रोश यात्रा की सफलता से पूरी कांग्रेस सरकार बौखलाई हुई है'

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को जन आक्रोश देखना है तो राजस्थान के गांवों, कस्बों और लोगों के बीच जाइये, जो आप, आपकी कांग्रेस सरकार के मंत्री और विधायक पिछले 4 वर्षों से जनता के पास जा नहीं रहे हैं, जिसकी वजह किसानों और युवाओं से जो वादे आपने किये थे, वो पूरे नहीं किये, जिससे प्रदेश की जनता आक्रोशित है, जिसकी वजह कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियां और वादाखिलाफी है, राजस्थान के लोगों के आक्रोश का सामना करने की आपकी सरकार में हिम्मत नहीं है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की जन आक्रोश यात्रा में पूरे राजस्थान में जनता का आक्रोश मुखरता से दिखाई दिया कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ, सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में जाकर भाजपा ने जन आक्रोश यात्रा व जनसभाओं के माध्यम से जनता की आवाज को ताकत देने का काम किया, जिस आवाज को पिछले 4 वर्षों से कांग्रेस सरकार दबा रही है। भाजपा की जन आक्रोश यात्रा की सफलता और इस यात्रा के माध्यम से प्रदेश की जनता के सभी जनहित के मुद्दों को उठाने से मुख्यमंत्री और पूरी कांग्रेस सरकार बौखलाई हुई है, युवाओं, किसानों और माता-बहनों के सवालों के जवाब इनके पास नहीं है और जनता के सामने जाने की भी इनकी हिम्मत नहीं है, क्योंकि सिर्फ झूठे वादे किये, किसानों-युवाओं के साथ वादाखिलाफी की और प्रदेश को अराजकता की ओर धकेल दिया, यह कांग्रेस सरकार के शासन की हकीकत है।

# प्रदेश का बजट 10 फरवरी को

जयपुर, (वि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस सरकार का आखिरी बजट 19 फरवरी को पेश करेंगे। इससे पहले गहलोत ने 8 फरवरी को बजट पेश करने की घोषणा की थी।

विधानसभा में कार्यसलाहकार समिति की बैठक में 10 से 16 फरवरी तक लिये जाने वाले कार्य का बंटवारा किया गया। इसके अनुसार 10 फरवरी को बजट पेश किया जायेगा। 11 व 12 को अवकाश रहेगा। 13, 14 व 15 को आय-व्ययक अनुमान वर्ष 2023-24 पर सामान्य वाद-विवाद होगा। 16 फरवरी को अनुपूरक अनुदान की मांगें वर्ष 2022-23 का उपस्थापन होगा। अनुपूरक अनुदान की मांगें वर्ष 2022-23 पर मुखबंद का प्रयोग किया जाकर मतदान, पारण और तत्संबंधी विनियोग विधेयक, 2023 का पुर:स्थापन और उस पर विचार एवं पारण किया जायेगा। वहीं आय-व्ययक अनुमान वर्ष 2023-24 पर अग्रेतर सामान्य वाद-विवाद एवं राज्य सरकार की ओर से उत्तर दिया जायेगा।

# अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं करने पर नोटिस

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बाद भी नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में एनजीओ के जरिए संविदा पर कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर को अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं करने पर प्रमुख चिकित्सा सचिव व निदेशक और सीएमएचओ जयपुर-प्रथम व द्वितीय सहित अन्य को अवमानना नोटिस जारी किए हैं। अदालत ने उनसे पूछा है कि क्यों ना उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए। जस्टिस नरेन्द्र सिंह ने यह आदेश नरेन्द्र रैगर व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि चिकित्सा विभाग हाल ही में नर्सिंग अधिकारी की भर्ती निकाली है। इसमें चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं में संविदा पर काम करने वाले नर्सिंग ऑफिसर को एक साल के लिए दस अंक व तीन साल के अधिकतम तीस बोनस अंक का लाभ दिया जा रहा है। प्रार्थी भी एनजीओ के जरिए काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें चिकित्सा अधिकारियों ने अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं किया। जिस पर हाईकोर्ट ने 19 दिसंबर 2022 को उनकी याचिका पर विभाग को उन्हें अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश दिए थे, लेकिन अदालती आदेश के बाद भी उन्हें अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए। ऐसे में अदालती आदेश की पालना कराई जाए और दोषी अफसरों को अवमानना के लिए दंडित किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# 'एक भी स्मार्ट फोन चिरंजीवी लाभार्थियों को नहीं दिया गया'

- विधानसभा में मंत्री बी.डी.कल्ला ने विधायक कालीचरण सराफ के प्रश्न के जवाब में यह माना

जयपुर, (वि.सं.)। विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक कालीचरण सराफ ने चिरंजीवी लाभार्थियों को स्मार्ट फोन दिये जाने का माममला उठाया। इस ना सरकार की ओर से मंत्री बी.डी.कल्ला ने कहा कि अभी तक एक भी लाभार्थी को स्मार्ट फोन नहीं दिया गया है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को मुफ्त स्मार्ट फोन देने की योजना बंद नहीं की है, यह अंडर प्रोसेस है। राजस्थान सरकार ने 2022 के बजट में मुख्यमंत्री डिजिटल सेवा योजना शुरू करने की घोषणा की है। इसमें लगभग एक करोड़ 33 लाख चिरंजीवी परिवारों की महिला मुखिया को तीन साल के इंटरनेट एक्सेस के साथ मुफ्त स्मार्ट फोन दिए जाने हैं। कल्ला ने कहा कि मुफ्त स्मार्टफोन योजना के लिए बजट में पहले 1200 करोड़ और फिर 3400 करोड़ का प्रावधान किया गया। अभी भी 2600 करोड़ का बजट प्रावधान किया हुआ है। इसका काम प्रक्रिया में है।

इस पर नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले बजट की घोषणा का अब तक अता-पता नहीं है। सरकार की मंशा क्या है? इस पर मंत्री कल्ला ने कहा कि योजना बंद नहीं की है। प्रक्रिया में समय लगता है। अभी इंटरनेशनल बाजार में सेमीकंडक्टर की कमी चल रही है। अभी केंद्र सरकार ने भी मोबाइल के टैक्स में बदलाव किया है।

## दुष्कर्म करने वाले को सजा

जयपुर, (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त संजय कुमार को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 24 वर्षीय इस अभियुक्त पर तीन लाख एक हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।


**इण्डियन ओवरसीज बैंक**

क्षेत्रीय कार्यालय, रिद्धी टावर, एस-बी 57, प्रथम तल, बापू नगर, टोंक रोड, जयपुर- 302015
फोन: 0141-4032705 E-Mail : 2009rogad@iob.in

इण्डियन ओवरसीज बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर द्वारा बैंक के स्वामित्त्व वाले वाहन मारुति स्विफ्ट डिज़ायर वी एक्स आई ( 2011 ) और मारुति ऑल्टो के-10 ( 2012 ) हेतु बंद लिफाफे में बोली आमंत्रित की जाती है । बोली जमा कराने की अंतिम तिथि 13.02.2023 को 14:30 बजे तक अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट विजिट करे : www.iob.in

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका, सूरतगढ**

क्रमांक-5273 **लोक सूचना** दिनांक- 02.02.2023

श्री रामप्रसाद पुत्र श्री गोरीशंकर जाति अग्रवाल निवासी सूरतगढ की नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | भूमि स्थान | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| तह. सूरतगढ जिला श्री गंगानगर | कस्बा सूरतगढ | सूरतगढ के चक 37 पीबीएन के खाता सं. 54/50 प.नं.34/379 (26) किला नं.1 2, ,9, 10, 11,12,19, 20, 21 22 व प.नं. 34/380 (39) किला नं. 1/1, 1/4, 2/1, 2/2 | कुल 1.9545 हेक्टेयर यानि 19545 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 02.02.2023 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी, नगर पालिका सूरतगढ

**कार्यालय तहसीलदार शाहपुरा (जयपुर)**

क्रमांक-भू.अ./2023/418 **आम सूचना** दिनांक- 02.02.2023

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम शिवसिंहपुरा के खातेदार गोपाल पुत्र नाथू जाति ब्राह्मण के राजस्व रिकार्ड ग्राम शिवसिंहपुरा जमाबन्दी सम्वत 2074-77 के खाता सं. 184 पर खसरा नम्बर 565 संहित किता 7 कुल रकबा 2.97 हैक्टे. में हिस्सा 1/3 खातेदारी दर्ज रिकार्ड है। गोपाल उर्फ रामगोपाल पुत्र स्व. श्री जानकीलाल दत्तकपुत्र स्व. श्री नाथूलाल का स्वर्गवास दिनांक 25.10.2001 को हो चुका है। धवल कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री रामगोपाल जाति ब्राह्मण ने उक्त भूमि का स्वयं के शपथपत्र व मृत्यु प्रमाणपत्र की प्रति के आधार पर नामान्तरतकरण दर्ज करने का प्रार्थना पत्र पेश किया है। जिसमें गोपाल उर्फ रामगोपाल के वारिसान में गीतादेवी पत्नि गोपाल, धवल कुमार शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा पि. गोपाल उर्फ रामगोपाल, मीनादेवी पुत्री गोपाल उर्फ रामगोपाल है। उक्त प्रकरण में वारिसान के नामान्तरकरण का निस्तारण अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त वारिसान बाबत किसी भी प्रकार की आपत्ती हो तो वह दिनांक 16.02.2023 तक स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा जरिये अभिभाषक आपत्ती व साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है, उक्त दिवस के बाद की गई आपत्ती मान्य नहीं होगी। आत दिनांक 01.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मोहर से सार्वजनिक सूचना जारी की गई।

तहसीलदार (भू.अ.) तहसील शाहपुरा (जयपुर)

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा सूचना
भण्डार विभाग ई-प्राक्योरमेंट के द्वारा

निविदा सूचना संख्या: एस/2023/04 दिनांक: 01.02.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, तृतीय तल, उ.प.रेलवे प्रधान कार्यालय, जवाहर सर्किल के पास, मालवीय नगर, जयपुर-302017 निम्नलिखित मदों हेतु मोहरबंद खुली ई-निविदायें www.ireps.gov.in में सभी खुली ई-निविदायें 14.25 बजे बंद कर दी जायेंगी।

| क्र.सं. | निविदा सं. | अल्प विवरण | मात्रा | यूनिट | खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30232707 | हैड स्टॉक कम्पलीट | 48 | नग | 20-02-2023 |
| 2. | 30223076ए | पीओएच किट ऑफ़ ब्रेक सिलिंडर | 1774 | सैट | 21-02-2023 |
| 3. | 37231603 | फेस प्लेट फॉर बफर प्लंजर | 2205 | नग | 28-02-2023 |
| 4. | 30223388डी | कास्ट स्टील बोल्स्टर | 46 | नग | 28-02-2023 |

संशोधन

| क्र. सं. | निविदा सं. | निविदा सूचना संख्या | अल्प डिस्क्रिप्शन | अमेंडमैंट इन टेंडर क्लोजिंग डेट & मात्रा: एक्सटेन्डिंग डेट & मात्रा | रिवाइज्ड डेट & मात्रा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30221963B | एस/2023/03 दि. 25.01.2023 | पीओएच् किट फॉर किओ टाइप डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व | 1963 सैट | 1956 सैट |
| 2 | 30222189 | एस/2023/01 दि.10.01.2023 | पैड फॉर सेकेंडरी सस्पेंशन | 30.01.2023 | 08.02.2023 |
| 3 | 63STRENG04 | एस/2022/36 दि. 27.12.2022 | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर मेनूफैक्चर & सप्लाई ऑफ़ स्पेशल लाइन स्लिपर्स | 23.01.2023 | 13.02.2023 |

| अमेंडमैंट इन आइटम डिमांड: एक्सटेन्डिंग आइटम डिमांड | रिवाइज्ड आइटम डिमांड | एक्सटेन्डिंग टेंडर मात्रा | निविदा डॉक्यूमेंट | अमेंडमैंट आइटम डिक्रिप्शन, निविदा कंडीशन कन्साइनी नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 24 | चेंज इन एक्सटेन्डिंग आइटम डिमांड मात्रा | स्पेशल कंडीशन ऑफ़ कॉन्ट्रैक्ट फॉर आरजीसी इज डिलीटेड मॉडिफाइड स्पेशल कंडीशन ऑफ़ कॉन्ट्रैक्ट इज एडेड | माइनर चेंज इन आइटम डिक्रिप्शन एंड निविदा कंडीशंस, सम निविदा कंडीशंस इस एडेड/ डिलेटेड. कन्साइनी नाम इज रिवाइज्ड |

(1) इच्छुक निविदाकर्ता हमारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर सामग्री का पूरा विवरण/स्पेसिफिकेसन/बयाना राशि/निविदा फार्म का मूल्य और अन्य जानकारी देख सकते है। सभी निविदाकर्ताओं से निवेदन है कि अपने डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करें तथा अपनी फर्म को उक्त साइट पर रजिस्टर्ड करें। (2) 25 लाख से नीचे के विज्ञापित निविदा, सीमित निविदा, विशेष सीमित निविदा एवं कम मूल्य की निविदा में भाग लेने के लिए हमारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें।

116-AC/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

राजस्थान सरकार

**कार्यालय नगर परिषद, दौसा (राजस्थान)**

फोन नं. 01427-220054 E-mail: dausa.jaipur@yahoo.com
क्रमांक- न.पा.दौ/भूमि/90-ए/15009 दिनांक-02.02.2023

प्रारूप-13
नियम 13 (2) देखिए

क्रमांक-15010-15011 दिनांक-2/2/2023

**लोक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी की जानकारी में यह लाया गया है कि खसरा नम्बर 404/176 रकबा 0.73 हैक्टेयर ग्राम बीचलवास तहसील दौसा जिला दौसा में स्थित भूमि या उसके भाग का गैर-कृषिक आवासीय प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है/ किया गया है और इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजथान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क की उप-धारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने के दायी है।

अतः उक्त भूमि हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर-भीतर कारण बताये कि क्यों न उक्त भूमि के उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाये और इसलिए क्यो न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्त निहित किया जा सकें।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 2023 (वर्ष) के फरवरी (मास) के 02वे दिन को जारी की जाती है।

प्राधिकरण अधिकारी एवं आयुक्त
नगर परिषद दौसा


# आदिवासी क्षेत्र के लोगों के उन्नयन के लिए समन्वित प्रयास जरूरी : राज्यपाल

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि जनजातीय क्षेत्रों के निवासियों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए विभिन्न विभागों के स्तर पर समन्वित ढंग से प्रयास किए जाएं।

राज्यपाल मिश्र गुरुवार को राजभवन में अनुसूचित क्षेत्र विकास योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को गरीबी और अभावों से मुक्त कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए संकल्पित होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि आदिवासी क्षेत्र में पर्यटन की विपुल संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन स्थलों का विकास कर उनके बारे में पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाए तो यहां घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों की आवक बढ़ेगी जिससे स्थानीय लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 90 प्रतिशत परिवारों को कवर किया गया है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र के जिन परिवारों का अब तक भी योजना में पंजीकरण नहीं हो पाया है, उन्हें भी शीघ्र पंजीकृत कर योजना के दायरे में लाया जाए।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, भूजल एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी राज्य मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया ने कहा कि राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा नियमित मॉनिटरिंग से जनजातीय क्षेत्र में विकास की गति को नए आयाम मिले हैं।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में अनुसूचित क्षेत्र विकास योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक ली।

## डॉ.अशोक सिंह निदेशक होंगे

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजीव जैन के निर्देशों से राजस्थान विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के वरिष्ठ शिक्षक, डॉ.अशोक सिंह को राजस्थान विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान शोध केन्द्र के निदेशक पद पर पुन: एक वर्ष के लिए नियुक्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. अशोक सिंह विगत 2 वर्ष से सामाजिक विज्ञान शोध केन्द्र के निदेशक पद पर कार्य कर रहे हैं व लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष के रुप में भी कार्य कर चुके हैं।

# जी क्लब फायरिंग मामले में गैंगस्टर रितिक बॉक्सर की बहन लवीना सहित छह लोग गिरफ्तार

## लवीना मोबाइल फोन से सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम और फेसबुक चलाने में सहयोग करने के साथ ही लोगों को डराने धमकाने से मिलने वाले रुपयों का खुद ही उपयोग करती है

- गिरफ्तार आरोपियों में मानसरोवर स्थित होटल कृष्णा प्राईड के संचालक और रितिक बॉक्सर के साथी उम्मेद सिंह उर्फ फौजी भगौड़ा की महिला मित्र सहित पांच लोग भी शामिल।
- इन लोगों ने तीनों शूटर्स के जयपुर में रंगदारी वसूलने के लिए आने की जानकारी होते हुए भी उन्हें यहां बिना आईडी और वेरिफिकेशन के होटल में ठहराने और रुपए की व्यवस्था की थी।

जयपुर,(कासं)। राजधानी की जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने जी क्लब में फायरिंग करने वाले बदमाशों का सहयोग करने वाले होटल कृष्णा प्राईड के संचालक और दो महिला सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। इनमें गैंगस्टर रितिक बॉक्सर की बहन भी शामिल है। वह गैंग की ओर से मोबाइल फोन से सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम और फेसबुक चलाने में सहयोग करती है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि 28 और 29 जनवरी की रात को जवाहर सर्किल के जी क्लब होटल डेज के मालिक पर हुई थी। इस मामले में अपराधियों का सहयोग करने पर रामचन्द्र सिंह (27) निवासी निमाद वापा गांव मौलासर नागौर हाल उदय नगर बी मानसरोवर, रोहन पासवान (24) निवासी चाणक्यपुरी निवारू रोड झोटवाड़ा, रविन्द्र सिंह (29) निवासी ओम वाटिका अपार्टमेंट ए ब्लॉक शेखावत मार्ग निवारू रोड झोटवाड़ा, हरी भजन (24) निवासी खारिया खंगार बुरूंदा जोधपुर, अनिता मेघवाल (23) निवासी नयापुरा-चौखा मंडोर जोधपुर, और लवीना ठाकुरवानी (24) निवासी डी-62 झालाना डूंगरी गांधी नगर जवाहर नगर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस कमिश्नर ने श्रीवास्तव ने बताया कि लवीना गैंगेस्टर रितिक बॉक्सर की बहन है। वह उसके अपराध में सक्रिय सहयोग करते हुए स्वयं के मोबाइल फोन से सोशल मीडिया अकाउंट, इंस्टाग्राम व फेसबुक संचालन में सहयोग करती है। वह सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर रंगदारी के लिए डराने धमकाने से मिलने वाले रुपयों का खुद ही उपयोग करती हैं।

उन्होंने बताया कि पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मानसरोवर में स्थित होटल कृष्णा प्राईड के संचालक रामचन्द्र सिंह ने वारदात करने के लिए 28 जनवरी को शूटर प्रदीप शुक्ला उर्फ बाबा, भूपेन्द्र गुर्जर उर्फ थापा, बाल अपचारी और ऋषभ उर्फ यश चन्द रजवार के होटल में ठहरने के रितिक बॉक्सर के अनुसार फायरिंग की प्लानिंग की। होटल संचालक ने इसके लिए स्थान उपलब्ध करवाया। उसने आरोपियों की मौजूदगी छिपाने के लिए बिना आईडी और वेरीफिकेशन के उन्हें होटल में ठहराया। होटल संचालक रामचन्द्र सिंह को उसके परिचित रोहन पासवान ने फोन कर बदमाशों को बिना आईडी रूकवाने के लिए कहा था। रितिक बॉक्सर के सीधे सम्पर्क रहने वाले उसके साथी उम्मेद सिंह उर्फ फौजी भगौड़ा ने रोहन को बताया कि यह लोग जयपुर में रंगदारी वसूलने के लिए आए है। उन्हें सभी सहायता उपलब्ध करवा देना। रोहन द्वारा अपने साथी जिम ट्रेनर रविंद्र सिंह के कहने पर शूटर्स को होटल में बिना आईडी रूकवाने का इंतजाम करवाया। इसके एवज में रविन्द्र सिंह को 16 हजार उम्मेद सिंह के द्वारा हरिभजन और अनिता मेघवाल के खातों के जरिए भिजवाए थे। शूटर्स को होटल में रूकवाने की व्यवस्था और वहां पर भुगतान करने का पूरा काम रविन्द्र ने ही किया। आरोपी हरि भजन द्वारा उम्मेद सिंह से 49 हजार 500 रुपए अपने खाते में जमा करवाए। अनिता मेघवाल उम्मेद सिंह की महिला मित्र है। अनिता ने उम्मेद सिंह के कहने पर बदमाशों के होटल में ठहरने के लिए रविन्द्र सिंह को रुपयों की व्यवस्था करवाई। यह जानते हुए कि ये लोग जयपुर में रंगदारी वसूलने के लिए आए है। इसके बावजूद भी सभी ने इनका सहयोग किया।

## घायल बाल अपचारी को डिस्चार्ज किया

उधर तीनों शूटर्स को गिरफ्तार कर आगरा से जयपुर लाने के दौरान खोह नागोरियान इलाके में पुलिस पर हमला कर भागने के प्रयास में गोली लगने से घायल हुए दो आरोपी प्रदीप शुक्ला और ऋषभ का एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं तीसरे बदमाश बाल अपचारी की हालात में काफी सुधार होने पर बुधवार दोपहर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। उसने पुलिस की भारी सुरक्षा में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बाल सुधार गृह में रखा गया है। पुलिस उससे पूछताछ करने में जुटी हुई है।


**कार्यालय नगर परिषद सवाई माधोपुर राज.**

क्रमांक-न.प.स.मा./भू.रू.शा/2022-23/19443 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-01.02.2023

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकों ने पट्टा बाबत/पट्टा एकीकरण/पट्टा उपविभाजन/पट्टा हस्तानान्तरण/भवन निर्माण स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | पत्रावली विषय | भूखंड सं. | स्कीम/ कॉलोनी का नाम | खसरा नं. | राजस्व ग्राम | साईज/वर्गगज/ वर्गमीटर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री आशाराम मीना पुत्र श्री रामस्वरूप मीना नि. आदलवाडा कलॉ, त. चौथ का बरवाडा जि. सवाई माधोपुर | भवन निर्माण स्वीकृति हेतु | - | अम्बेडकर नगर आवासीय योजना | 72 | खेरदा | 25' X 50' = 138.56 वर्गगज |
| 2 | श्री अशोक कुमार शर्मा पुत्र श्री गोपी बल्लभ शर्मा नि. फलोदी हाल नि. ब्रह्मपुरी कॉलोनी, बजरिया स.मा. | नाम हस्तान्तरण/ भवन निर्माण स्वीकृति | 60 | ब्रह्मपुरी रेल्वे कॉलोनी आवासीय योजना | 82, 83, 85 86, 93, 94 | आलनपुर | 25' X 49' = 136.60 वर्गगज |
| 3 | श्री चन्द्रभान सिंह पुत्र श्री राघव सिंह नि. मकान नं. एलआजी 1/27 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सवाई मधोपुर | भवन निर्माण स्वीकृति हेतु। | - | हाउसिंह बोर्ड कॉलोनी स.मा. | - | हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, स.मा. | 5.25' X 11.25'' = 59.06 वर्गगज |
| 4 | श्रीमती सुधारानी जैन पत्नी श्री सुभाष चन्द जैन नि. गौतम कॉलोनी, वजरिया सवाई माधोपुर | भवन निर्माण स्वीकृति हेतु। | 86 | जयन्ती मार्केट आवासीय योजना | 801 | आलनपुर | 12.6' X 25' = 34.72 वर्गगज |
| 5 | श्री सुनील शर्मा पुत्र स्व.श्री महेश नारायण शर्मा नि. साकेत नगर, शक्ति मार्केट के पास, नई अनाज मण्डी रोड, आलनपुर सवाई माधोपुर | नाम हस्तान्तरण/ भवन निर्माण स्वीकृति हेतु। | 4 | आवासीय योजना | 1413 | आलनपुर | 25' X 64' = 177.77 वर्गगज |
| 6 | श्री शंकरलाल शर्मा पुत्र स्व. श्री सीताराम शर्मा नि. बजरिया त. व जि. सवाई माधोपुर | पट्टा उपविभाजन/ नाम हस्तान्तरण/ भवन निर्माण स्वीकृति हेतु | 7 | आवासीय योजना | 578/1803 | आलनपुर | 30' X 40' = 133.33 वर्गगज |
| 7 | श्री विशाल शर्मा पुत्र श्री शंकरलाल शर्मा नि. बजरिया त. व जि. सवाई माधोपुर | पट्टा उपविभाजन/ नाम हस्तान्तरण/ भवन निर्माण स्वीकृति हेतु | 6 | आवासीय योजना | 578/1803 | आलनपुर | 30' X 40' = 133.33 वर्गगज |

अगर किसी का इस विषय में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय सबूत के जो इस मामले से संबंधित है इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा उक्त अवधि के समाप्ति के पश्चात कोई आपत्ति अंगीकार नहीं होगी। उक्त सूचना आज दिनांक.......को मेरे हस्ताक्षर व मण्डल की मुहर द्वारा जारी की गई। आयुक्त, नगर परिषद, सवाई माधोपुर